आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

1910 बुधवार 30.04.2025

मुख्य समाचारः—

1— केन्द्र सरकार ने आगामी जनगणना में जाति गणना को भी शामिल करने का निर्णय लिया।

2— सेवामुक्त किए गए बीएड अहर्ताधारी सहायक शिक्षकों को अब सहायक शिक्षक विज्ञान के पद पर समायोजित किया जाएगा—राज्य मंत्रिमंडल ने लिया फैसला—प्रदेश में शुरू होगी मुख्यमंत्री ग्रामीण बस सुविधा योजना।

3— केंद्रीय मंत्री जितेन्द्र सिंह कल रायपुर आएंगे—नये वक्फ कानून पर आधारित परिचर्चा में मुख्य वक्ता के रूप में शामिल होंगे।

4— प्रदेश में आज उत्साह और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है अक्षय तृतीया का पर्व—आज से शुरू हुई चारधाम यात्रा।

केंद्रीय मंत्रिमंडल—बैठक

केन्द्र सरकार ने आगामी जनगणना में जाति गणना को सम्मिलित करने का निर्णय लिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आयोजित मंत्रिमंडल की राजनीतिक कार्य समिति ने आज यह फैसला लिया। नई दिल्ली में पत्रकारों से चर्चा के दौरान सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि जनगणना केंद्र का विषय है। उन्होंने कहा कि कुछ राज्यों ने जाति सर्वेक्षण अच्छे तरीके से और कुछ राज्यों ने राजनीतिक कारणों से किया है।

मंत्रिमंडल ने चीनी मौसम दो हजार पच्चीस—छब्बीस के लिए तीन सौ पचपन रुपये प्रति क्विंटल के हिसाब से गन्ने का उचित और लाभकारी मूल्य तय करने को भी स्वीकृति दी है। श्री वैष्णव ने कहा कि इस निर्णय से पांच करोड़ गन्ना किसानों के साथ—साथ चीनी मिलों और संबंधित सहायक गतिविधियों में कार्यरत पांच लाख श्रमिकों को भी लाभ होगा।

मंत्रिपरिषद—बैठक

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में आज रायपुर में हुई राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में अनेक महत्वपूर्ण फैसले लिए गए।

मंत्रिपरिषद ने एक बड़ा फैसला लेते हुए प्रदेश के उन दो हजार छह सौ इक्कीस बीएड अर्हताधारी सहायक शिक्षकों को सहायक शिक्षक विज्ञान प्रयोगशाला के रिक्त पदों पर समायोजन करने का निर्णय लिया है, जिनकी सेवाएं पहले समाप्त कर दी गई थी। उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए बताया कि इसके लिए स्कूल शिक्षा विभाग को अधिकृत किया गया है।

मंत्रिपरिषद ने राज्य के सुदूर अनुसूचित और ग्रामीण क्षेत्रों में ''मुख्यमंत्री ग्रामीण बस सुविधा योजना'' शुरू करने का निर्णय लिया है। उपमुख्यमंत्री ने बताया कि नये ग्रामीण मार्गों के निर्धारण के लिए राज्य और जिला स्तर पर समिति का गठन किया जाएगा।

इसके अलावा मंत्रिपरिषद ने रेगहा, बटाई, लीज और डुबान क्षेत्र पर खेती करने वाले किसानों को भी कृषक उन्नति योजना से जोड़ने का निर्णय लिया है। अब ऐसे किसानों को भी इस योजना का लाभ मिलेगा। वहीं, मंत्रिपरिषद ने तकनीकी शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए नवा रायपुर में स्टेट ऑफ आर्ट राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान—एन.आई.ई.एल.आई.टी. की स्थापना के लिए दस एकड़ से ज्यादा भूमि निःशुल्क आवंटित करने के प्रस्ताव का अनुमोदन किया।

वेव्स–शिखर सम्मेलन

पहला विश्व ऑडियो विजुअल एंटरटेनमेंट शिखर सम्मेलन–वेव्स कल एक मई से मुंबई के जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में शुरू होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। चार दिन के सम्मेलन का मुख्य विषय है – क्रिएटर्स और देशों को साथ में जोड़ना। सम्मेलन भारत को मीडिया, मनोरंजन और डिजिटल नवाचार के लिए एक वैश्विक केंद्र के रूप में स्थापित करने के लिए तैयार है। इसमें फिल्मों, ओटीटी, गेमिंग, कॉमिक्स, डिजिटल मीडिया, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, प्रसारण और उभरती हुई तकनीक को एक साथ लाया जाएगा। इसमें भारत के मीडिया और मनोरंजन कौशल का व्यापक प्रदर्शन होगा। प्रधानमंत्री श्री मोदी बत्तीस क्रिएट इन इंडिया चैलेंज से चुने गए क्रिएटर्स के साथ बातचीत करेंगे।

यह शिखर सम्मेलन मनोरंजन, प्रतिभा और रचनात्मकता के क्षेत्र में भारत की अपार संभावनाओं को दुनिया के सामने प्रदर्शित करने का एक अवसर प्रदान करेगा। चार मई तक चलने वाले इस सम्मेलन में दुनियाभर के शीर्ष मीडिया सीईओ और मनोरंजन जगत की बड़ी हस्तियां एक साथ आएंगे। इस कार्यक्रम में सौ देशों के लगभग पांच हजार प्रतिनिधियों के भाग लेने की उम्मीद है। इसके अलावा कई दिग्गज कलाकारों – अमिताभ बच्चन, रजनीकांत, चिरंजीवी, मोहन लाल, नागार्जुन, शाहरुख खान, अनिल कपूर, अक्षय कुमार, आलिया भट्ट और आमीर खान शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। इस सम्मेलन में लोगों को भारत के साथ–साथ दुनिया के कई हिस्सों की कला, संस्कृति और सिनेमा की झलक देखने को मिलेगी।

स्वास्थ्य मंत्री–राज्य स्तरीय समारोह

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल आज रायपुर के मेडिकल कॉलेज ऑडिटोरियम में आयोजित टीबी उन्मूलन और एन.क्यू.ए.एस. में उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वास्थ्यकर्मियों के राज्य स्तरीय सम्मान समारोह में शामिल हुए। समारोह में साढ़े तीन सौ से कम पंचायतों की श्रेणी में मनेंद्रगढ़–चिरमिरी–भरतपुर को पहला, कोरिया को दूसरा और मोहला–मानपुर–अंबागढ़ चौकी को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। वहीं, साढ़े तीन सौ से अधिक पंचायतों की श्रेणी में जशपुर को प्रथम, सरगुजा को द्वितीय और रायगढ़ को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया। इसी तरह, नि–क्षय मित्र पहल श्रेणी में गरियाबंद को पहला और रायपुर को दूसरा पुरस्कार मिला। सौ दिवसीय निक्षय निरामय अभियान में उच्च वरीयता वाले जिलों के अंतर्गत नारायणपुर को प्रथम और कोंडागांव को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। जबकि, निम्न वरीयता वाले जिलों में कांकेर को पहला और मुंगेली को दूसरा पुरस्कार प्रदान किया गया।

इसके अलावा राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन प्रमाण श्रेणी में रायपुर को प्रथम, महासमुंद को द्वितीय और दुर्ग को तृतीय पुरस्कार मिला।

केंद्रीय मंत्री–दौरा

केंद्रीय मंत्री डॉक्टर जितेन्द्र सिंह कल रायपुर आएंगे। वे मेडिकल कॉलेज सभागृह में वक्फ संशोधित अधिनियम के संबंध में जनजागरण के लिए आयोजित परिचर्चा में मुख्य वक्ता के रूप में शामिल होंगे। यह कार्यक्रम कल दोपहर चार बजे से आयोजित किया गया है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री रामविचार नेताम भी उपस्थित रहेंगे।

## सीआईएससीई–परीक्षा परिणाम

काउंसिल फॉर दी इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशन ने आई.एस.सी.ई. की दसवीं और आई.एस.सी. की बारहवीं कक्षा के परिणाम घोषित कर दिए हैं। दसवीं की परीक्षा में निन्यानवे दशमलव तीन–सात प्रतिशत के साथ छात्राओं ने छात्रों से बेहतर प्रदर्शन किया है। बारहवीं की परीक्षा में भी निन्यानवे दशमलव चार–पांच प्रतिशत छात्राएं ही पास हुई हैं। वहीं, छात्रों के उत्तीर्ण होने का प्रतिशत अंठानवे दशमलव छह–चार प्रतिशत रहा।

## अक्षय तृतीया

प्रदेश में अक्षय तृतीया का पर्व आज उत्साह और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। छोटे बच्चों ने जहां गुड्डे–गुड़ियों का विवाह रचाया, तो वहीं लोगों ने मंदिर–देवालयों में दान–दक्षिणा कर विशेष पूजा–अर्चना की।

अक्षय तृतीया के अवसर पर खेती–किसानी के नये कार्यों की शुरुआत होती है। रायपुर स्थित इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉक्टर गिरीश चंदेल ने विश्वविद्यालय परिसर में धान के बीजों का रोपण करने के साथ ही ड्रोन से खाद और कीटनाशक का स्वयं छिड़काव कर इसका शुभारंभ किया।

वहीं, अक्षय तृतीया के पावन पर्व पर आज उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले में स्थित गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के कपाट परम्परागत ढंग से वैदिक मंत्रोच्चार के साथ श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए हैं। इसके साथ ही चारधाम यात्रा का शुभारंभ हो गया है।

## अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस

कल अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन ने श्रमवीरों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने अपने शुभकामना संदेश में कहा है कि एक मई का दिन उन मेहनतकश हाथों को सम्मान देने का अवसर है, जो अपने परिश्रम और समर्पण से समाज व राष्ट्र की प्रगति को आधार देते हैं।

## दुर्घटना

कोंडागांव जिले के फरसगांव थाना क्षेत्र में हुए सड़क हादसे में पिता और पुत्री की मौत हो गई है। वहीं, परिवार के दो अन्य सदस्य गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। मिली जानकारी के अनुसार एक परिवार मोटरसाइकिल से शादी समारोह में शामिल होने के लिए फरसगांव से केशकाल जा रहे थे। इसी दौरान माझीआठ गांव के पास उनकी मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर विपरीत दिशा से आ रही कार से टकरा गई। इस हादसे में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, दो अन्य घायलों को कोंडागांव जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

इधर, नारायणपुर जिले के कुतूल और बेडमाकोटी के बीच हुई सड़क दुर्घटना में एक महिला की मौत हो गई है। जबकि, दो ट्रक चालक सहित पांच लोगों को सामान्य चोटें आई हैं।

## गांजा तस्करी–सजा

कबीरधाम जिले के अतिरिक्त सत्र न्यायालय ने गांजा तस्करी में शामिल छह आरोपियों को दोषी करार देते हुए पंद्रह साल के कारावास और एक–एक लाख रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। आरोपियों को इंदौर की नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो–एनसीबी ने बीस मई दो हजार बाईस को गांजा रखने के आरोप में गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के बाद एनसीबी ने उसी वर्ष ग्यारह नवंबर को मामले की शिकायत दर्ज की और चौदह नवंबर से मुकदमा शुरू हुआ था।

**<u>मौसम</u>**

**मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रदेश में कल एक–दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज–चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। वहीं, कुछ स्थानों पर अंधड़ चलने के साथ आकाशीय बिजली गिरने और ओलावृष्टि होने की चेतावनी दी गई है।**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>